टीके की जानकारी का वक्तव्य

# HPV (ह्यूमन पैपिलोमावायरस) टीका: *आपको जो जानने की जरूरत है*

Many Vaccine Information Statements are available in Hindi and other languages. See www.immunize.org/vis

टीके की जानकारी के कई वक्तव्य हिंदी और अन्य भाषाओं में उपलब्ध हैं। www.immunize.org/vis देखें

## 1. टीकाकरण क्यों करवाएं?

**HPV (Human Papillomavirus, ह्यूमन पैपिलोमावायरस) टीका** कुछ प्रकार के ह्यूमन पैपिलोमावायरस के संक्रमण को रोक सकता है।

HPV संक्रमण कुछ प्रकार के कैंसर का कारण बन सकता है, जिनमें शामिल है:
- महिलाओं में सर्वाइकल, वेजाइनल और वल्वर कैंसर
- पुरुषों में पेनाइल कैंसर
- पुरुषों और महिलाओं दोनों में एनल कैंसर
- महिलाओँ और पुरुषों दोनों में टॉंसिल, जीभ के आधार और गले के पीछे (ओरोफऐरिंजियल कैंसर) के कैंसर

HPV संक्रमण के कारण एनोजेनिटल मस्से (वार्ट्स) भी हो सकते हैं।

HPV टीका HPV के कारण होने वाले 90% से अधिक कैंसर को रोक सकता है।

HPV अंतरंग त्वचा-से-त्वचा या यौन संपर्क के कारण फैलता है। HPV संक्रमण इतना आम है कि लगभग सभी लोगों को अपने जीवन में किसी न किसी समय कम से कम एक प्रकार का HPV तो होता ही है। अधिकतर HPV संक्रमण 2 वर्ष के भीतर अपने आप समाप्त हो जाते हैं। लेकिन कभी-कभी HPV संक्रमण अधिक समय तक रहते हैं और जीवन में बाद में कैंसर का कारण बन सकते हैं।

## 2. HPV टीका

11 या 12 वर्ष की आयु के किशोरों के लिए HPV टीके की नियमित रूप से सिफारिश की जाती है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे वायरस के संपर्क में आने से पहले सुरक्षित हैं। HPV का टीका 9 साल की उम्र में दिया जा सकता है और 26 साल की उम्र तक सभी को टीकाकरण की सलाह दी जाती है।

रोगी और स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता के बीच चर्चा के आधार पर 27 से 45 वर्ष की आयु के वयस्कों को HPV टीका दिया जा सकता है।

15 वर्ष की आयु से पहले पहली खुराक लेने वाले अधिकांश बच्चों को HPV टीके की 2 खुराक की आवश्यकता होती है। जिन लोगों को पहली खुराक 15 साल की उम्र में या उसके बाद मिलती है और कुछ युवा लोगों को जिनकी प्रतिरक्षा कमजोर होती है, उन्हें 3 खुराक की आवश्यकता होती है। आपका स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता आपको अधिक जानकारी दे सकता है।

HPV टीका अन्य टीकों के साथ ही दिया जा सकता है।

## 3. अपने स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता से बात करें

अपने टीकाकरण प्रदाता को बताएं यदि टीका लेने वाले व्यक्ति को:
- **HPV के टीके की पिछली किसी खुराक के बाद एलर्जी प्रतिक्रिया हुई थी**, या उसे कोई **गंभीर, जीवन के लिए खतरनाक एलर्जी है**
- गर्भवती **है**—गर्भधारण के बाद HPV टीके की सलाह नहीं दी जाती है

कुछ मामलों में, आपका स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता HPV टीकाकरण को भविष्य की मुलाकात तक स्थगित करने का निर्णय ले सकता है।

सर्दी-जुकाम जैसी छोटी-मोटी बीमारियों वाले लोगों का टीकाकरण किया जा सकता है। जो लोग मध्यम या गंभीर रूप से बीमार हैं उन्हें आम तौर पर HPV का टीका लेने से पहले ठीक होने की प्रतीक्षा करनी चाहिए।

आपका स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता आपको अधिक जानकारी दे सकता है।

U.S. Department of Health and Human Services
Centers for Disease Control and Prevention

## 4. टीके की किसी प्रतिक्रिया का जोखिम

- HPV टीकाकरण के बाद जहां शॉट दिया गया है वहां दर्द, ललाई या सूजन हो सकती है।
- HPV टीकाकरण के बाद बुखार या सिरदर्द हो सकता है।

कभी-कभी लोग चिकित्सीय प्रक्रियाओं के बाद बेहोश हो जाते हैं, जिनमें टीकाकरण शामिल है। यदि आपको चक्कर महसूस होता है या दृष्टि में परिवर्तन होते हैं या कानों में घंटियाँ बजती हैं तो अपने प्रदाता को बताएं।

किसी भी दवाई की तरह, किसी भी टीके से गंभीर एलर्जी प्रतिक्रिया, अन्य गंभीर चोट, या मृत्यु होने की अत्यंत दुर्लभ संभावना होती है।

## 5. यदि कोई गंभीर समस्या होती है तो क्या होगा?

एलर्जी प्रतिक्रिया टीका लगवाने वाले व्यक्ति के क्लिनिक से जाने के बाद हो सकती है। यदि आपको गंभीर एलर्जी प्रतिक्रिया के संकेत (ददोरे, चेहरे और गले की सूजन, सांस लेने में कठिनाई, तेज धड़कन, चक्कर आना, या कमजोरी) दिखाई देते हैं, तो **9-1-1** पर कॉल करें और उस व्यक्ति को निकटतम अस्पताल ले जाएं।

आपको चिंतित करने वाले अन्य लक्षणों के लिए, अपने स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता को कॉल करें।

प्रतिकूल प्रतिक्रियाओं को वैक्सीन एडवर्स इवेंट रिपोर्टिंग सिस्टम (Vaccine Adverse Event Reporting System, VAERS) में रिपोर्ट करना चाहिए। आपका स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता आम तौर पर यह रिपोर्ट जमा करेगा, या आप यह काम खुद भी कर सकते हैं। **www.vaers.hhs.gov** पर VAERS वेबसाइट पर जाएं या **1-800-822-7967** पर कॉल करें। *VAERS केवल प्रतिक्रियाओं को रिपोर्ट करने के लिए है, और VAERS के कर्मचारी चिकित्सीय सलाह नहीं देते हैं।*

## 6. नेशनल वैक्सीन इंज्युरी कॉम्पेंसेशन प्रोग्राम

नेशनल वैक्सीन इंज्युरी कॉम्पेंसेशन प्रोग्राम (National Vaccine Injury Compensation Program, VICP) एक संघीय कार्यक्रम है जिसकी रचना उन लोगों को मुआवज़ा देने के लिए की गई थी जो कुछ प्रकार के टीकों से जख्मी हो सकते हैं। टीकाकरण के कारण लगने वाली कथित चोट या मृत्यु के बारे में दावों को फाइल करने के लिए एक समय सीमा होती है, जो दो साल जैसी छोटी अवधि हो सकती है। कार्यक्रम और दावा फाइल करने के बारे में जानने के लिए **www.hrsa.gov/vaccinecompensation** पर जाएं या **1-800-338-2382** पर कॉल करें।

## 7. मैं अधिक जानकारी कैसे प्राप्त कर सकता/ती हूँ?

- अपने स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता से पूछें
- अपने स्थानीय या राज्य के स्वास्थ्य विभाग को कॉल करें।
- टीके के पैकेज इनसर्टों और अतिरिक्त जानकारी के लिए खाद्य और औषधि प्रशासन (Food and Drug Administration, FDA) की वेबसाइट **www.fda.gov/vaccines-blood-biologics/vaccines** पर जाएं।
- सेंटर्स फॉर डिसीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (Centers for Disease Control and Prevention, CDC) से संपर्क करें:
  - **1-800-232-4636 (1-800-CDC-INFO)** को कॉल करें या
  - CDC की वेबसाइट **www.cdc.gov/vaccines** पर जाएं।

Hindi translation provided by Immunize.org